फार्म नं0 111
फर्द अहकाम
(नियम 26)

न्यायालय भू अभिलेख अधिकारी, (उपखण्ड अधिकारी), आबूरोड

प्रार्थी		अप्रार्थी
ललित कुमार जेठवानी पुत्र दीपक कुमार निवासी आबूरोड	बनाम	राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार आबूरोड

राजस्व प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956

राजस्व प्रार्थना पत्र संख्या 39 वर्ष 2025

तारीख	हुक्म या कार्यवाही का विवरण मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख
28/8/25	यह राजस्व प्रार्थना पत्र प्रार्थी की ओर से विरूद्ध अप्रार्थी के अन्तर्गत धारा 136 राजस्थान भू राजस्व अधिनियम 1956 के अन्तर्गत पेश कर कथन किया कि प्रार्थी के नाम मौजा सांतपुर के खसरा नंबर 920/1 रकबा 0.0632 हैक्टेयर किस्म गैर मुमकिन वाणिज्यिक खातेदार दर्ज रेकर्ड है। जिसमें वर्तमान राजस्व नक्शे तथा मोमियो शीट में भिन्नता है। जिस संबंध मे तहसीलदार आबूरोड से जरिये कमांक 510 दिनांक 01.07.2025 से जांच कराई गई। तहसीलदार आबूरोड द्वारा जरिये 347 दिनांक 26.08.2025 द्वारा रिपोर्ट प्रस्तुत कर कथन किया कि मौजा सांतपुर के खसरा नंबर 920/1 रकबा 0.0632 हैक्टेयर किस्म गैर मुमकिन वाणिज्यिक खातेदार ललित कुमार जठवानी के नाम दर्ज रेकर्ड है। जिसमे प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत मोमियो शीट (जो कि जिला कार्यालय से प्रमाणित शुदा शीट है) तथा वर्तमान नक्शे में भिन्नता सेग्रीगेशन के दौरान हुई अशुद्धि को शुद्ध करने हेतु जिला कार्यालय से प्रमाणित मोमियो शीट के अनुसार किया जाना उचित होने का कथन किया है। उक्त शुद्धि करने के दौरान अन्य कोई खातेदार प्रभावित नही होना बताया गया है। अतः बाद जांच एवं पत्रावली के अवलोकन के आधार पर श्रीमान प्रभारी अधिकारी (डीआईएलआरएमपी) राजस्व मण्डल राजस्थान अजमेर के पत्रांक 3685/06.10.2021 की अनुपालना मे प्रार्थी का उक्त प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर मौजा सांतपुर के खसरा नंबर 920/1 रकबा 0.0632 हैक्टेयर किस्म गैर मुमकिन वाणिज्यिक भूमि के वर्तमान नक्शे में जिला कार्यालय से प्रमाणित मोमिया शीट (संलग्न है) के अनुसार तरमीम शुद्धिकरण के आदेश दिये जाते हैं। तहसीलदार आबूरोड उपरोक्तानुसार राजस्व रेकर्ड दुरूस्ती की कार्यवाही सुनिश्चित करे। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। सहायक कलेक्टर आबूरोड (सिरोही) 665 28/8/25 प्रतिलिपिः– तहसीलदार आबूरोड को उपरोक्तानुसार पालनार्थ। सहायक कलेक्टर आबूरोड (सिरोही)	

Signature Not Verified
Digitally signed by Shankar Lal Meena
Date: 2025.10.13 13:26:37 IST
Reason: SelfAttested